भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2239
उत्तर देने की तारीख 06 अगस्त , 2026
15 श्रावण, 1948 (शक)

फीफा विश्व कप क्वालीफाई करने के लिए तैयारियां

2239 श्री रवंगवरा नारजारी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या "फीफा विश्व कप" प्रतियोगिता में खेलने हेतु भारत की तैयारी विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अंतर्गत आती है;

(ख) उक्त मिशन के अंतर्गत "फीफा विश्व कप" क्वालीफाई करने के लिए की गई रणनीतिक तैयारियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस मिशन के अंतर्गत देश में फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने हेतु मंत्रालय द्वारा बनाई गई रूपरेखा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): विकसित भारत 2047 विज़न में खेलों के संवर्धन और एक सुदृढ़ खेल पारितंत्र के विकास सहित भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की गई है। । युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय अपनी विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों के माध्यम से खेलों के संवर्धन और विकास हेतु सहायता देता है।

फीफा विश्व कप में किसी देश की फुटबॉल टीम की भागीदारी फीफा द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार अर्हता प्राप्त होने पर निर्भर करती है। फुटबॉल के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल परिसंघ होने के नाते अखिल भारतीय फुटबॉल परिसंघ (एआईएफएफ) देश में फुटबॉल के संवर्धन और विकास तथा राष्ट्रीय टीमों की तैयारी के लिए जिम्मेदार है। एआईएफएफ ने अपनी वेबसाइट https://www.the-aiff.com/ पर भारत में फुटबॉल के विकास के लिए अपनी दीर्घकालिक रणनीति

की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अपना विजन 2047 - द इंडियन फुटबॉल स्ट्रैटेजिक रोडमैप (2023-2047) प्रकाशित किया है।

यह मंत्रालय राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता स्कीम और अन्य लागू स्कीमों के तहत एआईएफएफ को सहायता प्रदान करता है जिसमें कोचिंग, प्रशिक्षण, प्रतियोगिता एक्सपोज़र और खेल विज्ञान संबंधी सहायता शामिल है।

*****